**Model Question Paper (आदर्श प्रश्न पत्र) 2026-27**
**Class (कक्षा): 10+2**
**Subject: Accountancy (लेखाशास्त्र)**
**Session (सत्र) : 2026-27**

**Time: 3 Hours** **MM : 60**

**General Instructions (सामान्य निर्देश)**

1. Model question paper is divided into four parts, ie Part-A, Part-B, Part-C, Part-D
आदर्श प्रश्न-पत्र को चार भागों में बांटा गया है, अर्थात भाग-ए, भाग-बी, भाग-सी तथा भाग-डी
2. Part-A will be 12 marks of MCQ, Part-B of 20 marks, Part-C of 12 Marks and Part-D of 16 Marks. Total No. of Questions will be 30.
भाग-ए 12 अंकों का वस्तुनिष्ठ प्रश्न, भाग-बी 20 अंकों का, भाग-सी 12 अंकों का तथा भाग-डी 16 अंकों का होगा। प्रश्नों की कुल संख्या 30 होगी।
3. Candidates are required two give answers in their own words as far as possible. For 2 marks question 40-50 words, for 3 marks question 80-120 words and for 4 marks question 150-200 words.
परीक्षार्थी जहाँ तक सम्भव हो सके अपने ही शब्दों में उत्तर दें, दो अंक के प्रश्न के लिए 40-50 शब्द, 3 अंक के लिए 80-120 शब्द, 4 अंक के प्रश्न के लिए 150-200 शब्द निर्धारित किये गए हैं।

## Part-A
## भाग—ए

**Multiple Choice Questions** **(12X1=12)**

**Choose the correct alternative from the following four alternatives :**
**(निम्नलिखित चार विकल्पों में से सही विकल्प का चुनाव करें)**

**Q.1.** **Assertion:** The profit or loss is distributed equally among the partners and no partner has the right to take any salary, commission and remuneration from the partnership firm.

**Reason**: In the absence of partnership deed, the provisions of Indian partnership act-1932 are implemented in the partnership firm.
(A) Assertion is correct and reason is the right explanation of assertion.
(B) Assertion is correct, but reason is not the right explanation of assertion.
(C) Assertion is correct, but reason is incorrect.
(D) Assertion is incorrect, but reason is correct.

**कथन (Assertion):**लाभ या हानि को साझेदारों के बीच समान रूप से बांटा जाता है और किसी भी साझेदार को साझेदारी फर्म से कोई वेतन, कमीशन और पारिश्रमिक (remuneration) लेने का अधिकार नहीं होता है।
**कारण (Reason):**साझेदारी संलेख (Partnership deed) के अभाव में, साझेदारी फर्म में भारतीय साझेदारी अधिनियम-1932 के प्रावधान लागू होते हैं।
(A) कथन सही है और कारण, कथन की सही व्याख्या है।
(B) कथन सही है, लेकिन कारण, कथन की सही व्याख्या नहीं है।
(C) कथन सही है, लेकिन कारण गलत है।
(D) कथन गलत है, लेकिन कारण सही है।

**Q.2.** **Assertion**: The amount of goodwill is shown in the accounting books of partnership firm, when a partner brings the amount of goodwill only in cash.
**Reason:** The amount of goodwill is paid in gaining ratio to the retiring partner by remaining partners.
(A) Assertion is correct and reason is the right explanation of assertion.
(B) Assertion is correct, but reason is not the right explanation of assertion.
(C) Assertion is correct, but reason is incorrect.
(D) Assertion is incorrect, but reason is correct.

**कथन:**जब कोई साझेदार ख्याति की राशि केवल नकद में लाता है, तो ख्याति की राशि को साझेदारी फर्म की लेखा पुस्तकों में दर्शाया जाता है।

**कारण:**शेष साझेदारों द्वारा सेवानिवृत्त होने वाले साझेदार को ख्याति की राशि लाभ-प्राप्ति अनुपात में दी जाती है।

(A) कथन सही है और कारण, कथन की सही व्याख्या है।
(B) कथन सही है, लेकिन कारण, कथन की सही व्याख्या नहीं है।
(C) कथन सही है, लेकिन कारण गलत है।
(D) कथन गलत है, लेकिन कारण सही है।

**Q.3.** Ram, Shyam and Mohan are three partners in a partnership firm sharing profit or loss in the ratio of 5:3:2. Further they decide to share future profit or loss in the ratio of 3:2:1. The gaining or sacrificing ratio of each partner will be:
(A) Ram(Gaining) 1/30, Shyam (Scarificing) 1/30 Mohan(Nil)
(B) Ram(Nil), Shyam(Gaining) 1/30, Mohan(Sacrificing) 1/30
(C) Ram(Sacrificing) 1/30, Shyam(Nil), Mohan(Gaining) 1/30
(D) Ram(Nil), Shyam(Gaining) 1/30, Mohan(Nil)

राम, श्याम और मोहन एक साझेदारी फर्म में तीन साझेदार हैं जो लाभ या हानि को 5:3:2 के अनुपात में बाँटते हैं। भविष्य में वे लाभ या हानि को 3:2:1 के अनुपात में बाँटने का निर्णय लेते हैं। प्रत्येक साझेदार का लाभ-प्राप्ति (gaining) या त्याग (sacrificing) अनुपात होगा:

**(A)**राम (लाभ-प्राप्ति) 1/30, श्याम (त्याग) 1/30, मोहन (शून्य)
**(B)**राम (शून्य),श्याम (लाभ-प्राप्ति) 1/30, मोहन (त्याग) 1/30
**(C)**राम (त्याग) 1/30, श्याम (शून्य), मोहन (लाभ-प्राप्ति) 1/30
**(D)**राम (शून्य), श्याम (लाभ-प्राप्ति) 1/30, मोहन (शून्य)

**Q.4.** X, Y and Z are three partners in a partnership firm, their profit sharing ratio is 3:2:1. After sometime Y retires from partnership firm. X and Z will take the share of profit of Y equally.The new profit sharing ratio of X and Z will be:
**(A)** 1:2 **(B)** 2:1 **(C)** 3:1 **(D)** 1:3

X, Y और Z एक साझेदारी फर्म में तीन साझेदार हैं, उनका लाभ विभाजन अनुपात 3:2:1 है। कुछ समय बाद Y साझेदारी फर्म से अवकाश ग्रहण कर लेता है। X और Z, Y के लाभ का हिस्सा समान रूप से ले लेंगे। X और Z का नया लाभ विभाजन अनुपात होगा:
**(A)** 1:2 **(B)** 2:1 **(C)** 3:1 **(D)** 1:3

**Q.5.** On the time of dissolution of partnership firm, the creditors paid not recorded in the accounting books, the account will be debited:
**(A)** Revaluation A/c **(B)** Cash A/c **(C)** Realization A/c **(D)** Capital A/c

साझेदारी फर्म के समापन के समय, लेखा पुस्तकों में दर्ज नहीं किए गए लेनदारों को भुगतान (अलिखित) करने पर, किस खाते को डेबिट किया जाएगा:

**(A)**पुनर्मूल्यांकन खाता **(B)**रोकड़ खाता **(C)**वसूली खाता **(D)**पूँजी खाता

**Q.6.** Match the following items and choose correct option:

| | |
|---|---|
| (1) Paid-up capital | (a) Issued at the time of winding-up of a company |
| (2) Reserve capital | (b) Actual amount paid by shareholders |
| (3) Right issue | (c) Issued to employees for their services |
| (4) Sweat equity shares | (d) Offered to existing shareholders |

**(A)**1-d, 2-c, 3-a, 4-b **(B)** 1-c, 2-d, 3-b, 4-a **(C)**1-c, 2-a, 3-d, 4-b **(D)**1-b, 2-a, 3-d, 4-c

निम्नलिखित मदों का मिलान करें और सही विकल्प का चयन करें:

| | |
|---|---|
| 1. प्रदत्त पूँजी (Paid-up capital) | (a) कंपनी के समापन के समय निर्गमित |
| 2. संचित पूँजी (Reserve capital) | (b) अंशधारियों द्वारा भुगतान की गई वास्तविक राशि |

3. अधिकार निर्गमन (Right issue) (c) कर्मचारियों को उनकी सेवाओं के लिए निर्गमित

4. स्वेट इक्विटी अंश (Sweat equity shares) (d) वर्तमान अंशधारियों को प्रस्तावित*

**(A)** 1-d, 2-c, 3-a, 4-b **(B)** 1-c, 2-d, 3-b, 4-a **(C)** 1-c, 2-a, 3-d, 4-b **(D)** 1-b, 2-a, 3-d, 4-c

**Q.7.** A company issued shares of Rs. 10 each for the purchase of furniture at a premium of Rs.2 per share. The purchase price of furniture is Rs. 7,200. The number of shares are to be issued:

**(A)** 720 **(B)** 800 **(C)** 600 **(D)** 700

एक कंपनी ने फर्नीचर की खरीद के लिए 10 रुपये प्रति अंश वाले अंशोंको 2 रुपये प्रति अंश के प्रीमियम पर निर्गमित किया। फर्नीचर का क्रय मूल्य 7,200 रुपये है। निर्गमित किए जाने वाले अंशोंकी संख्या होगी:

**(A)** 720 **(B)** 800 **(C)** 600 **(D)** 700

**Q.8.** Match the following items and choose correct answer:

(1) Zero coupon rate = (a) No fixed time of repayment
(2) Bearer debentures = (b) Right of two parties on one asset
(3) Perpetual debentures = (c) No fixed rate of interest
(4) Second charge = (d)Transferred by way of delivery

**(A)** 1-d, 2-c, 3-a, 4-b **(B)** 1-c, 2-d, 3-a, 4-b **(C)** 1-c, 2-a, 3-b, 4-d **(D)**1-b, 2-c, 3-d, 4-a

निम्नलिखित मदों का मिलान करें और सही उत्तर का चयन करें:

1. शून्य कूपन दर (a) पुनर्भुगतान का कोई निश्चित समय नहीं
2. वाहक ऋणपत्र (b) एक संपत्ति पर दो पक्षों का अधिकार
3. स्थायी अशोधनीय ऋणपत्र/ (c) ब्याज की कोई निश्चित दर नहीं
4. द्वितीय प्रभार (d) सुपुर्दगी मात्र से हस्तांतरित (डिलिवरी)

**(A)** 1-d, 2-c, 3-a, 4-b **(B)** 1-c, 2-d, 3-a, 4-b **(C)** 1-c, 2-a, 3-b, 4-d **(D)** 1-b, 2-c, 3-d, 4-a

**Q.9.** The rate of interest on debentures is calculated:

**(A)** First issued value **(B)** First market value **(C)** First transferable amount **(D)** First face value

ऋणपत्रों पर ब्याज की दर की गणना की जाती है:

**(A)**प्रथम निर्गमित मूल्य पर **(B)**प्रथम बाजार मूल्य पर

**(C)**प्रथम हस्तांतरणीय राशि पर **(D)**प्रथम अंकित मूल्य पर

**Q.10.** From the following not a tool of analysis of financial statements:

**(A)** Cash flow statement **(B)**Ratio analysis **(C)** Trend analysis **(D)** Objectivity analysis

निम्नलिखित में से कौन सा वित्तीय विवरणों के विश्लेषण का उपकरण (तकनीक) नहीं है:

**(A)**रोकड़ प्रवाह विवरण **(B)**अनुपात विश्लेषण **(C)**प्रवृत्ति विश्लेषण **(D)**वस्तुनिष्ठता विश्लेषण

**Q.11.** The current ratio and quick ratio of a company are 3.5:1 and 2:1 respectively. Inventories of the company is Rs. 24,000. The liquid assets of the company will be:

(A) Rs. 56,000 (B) Rs. 24,000 (C) Rs.32,000 (D) Rs. 48,000

एक कंपनी का चालू अनुपात (current ratio) और त्वरित अनुपात (quick ratio) क्रमशः 3.5:1 और 2:1 है। कंपनी का स्टॉक (inventories) रु. 24,000 है। कंपनी की तरल संपत्तियाँ (liquid assets) होंगी:

**(A)** 56,000 रु. **(B)** 24,000 रु. **(C)** 32,000 रु. **(D)** 48,000 रु.

**Q.12** **.**Current assets and current liabilities are considered, while preparing cash flow statement:

**(A)** In cash from operating activities **(B)** In cash from investing activities

**(C)**In cash from financing activities **(D)** In cash received from customers

रोकड़ प्रवाह विवरण तैयार करते समय, चालू संपत्तियों और चालू दायित्वों पर विचार किया जाता है:

**(A)**परिचालन गतिविधियों से रोकड़ में **(B)**निवेश गतिविधियों से रोकड़ में

**(C)**वित्तीय गतिविधियों से रोकड़ में **(D)**ग्राहकों से प्राप्त रोकड़ में

## Part-B
## भाग-बी

**(Very Short Answer Questions) (2 Marks)**
**(अति लघु-उत्तरीय प्रश्न) ( 2 अंक वाले प्रश्न)**

**Q.13.** A partner is withdrawn Rs. 400 at the first day of every quarter for his personal use. Rate if interest is 10% on drawings. Calculate interest on drawings of partner.

एक साझेदार अपने निजी उपयोग के लिए प्रत्येक तिमाही के प्रथम दिन 400 रु का आहरण करता है. आहरण पर ब्याज की दर10% है। साझेदार के आहरण पर ब्याज की गणना कीजिए।

**Or**

A and B are two partners in a partnership firm sharing profit or loss in the ratio of 2:1. The net profit of the firm is Rs. 50,000 before charging salary to A of Rs. 6,000. B is entitled a commission @ 10% on net profit after charging such commission. Calculate the amount of commission given to B.

A और B एक साझेदारी फर्म में दो साझेदार हैं जो 2:1 के अनुपात में लाभ या हानि साझा करते हैं। A को 6,000 रु. का वेतन देने (प्रभारित करने) से पूर्व फर्म का शुद्ध लाभ 50,000 रु.है। B ऐसे कमीशन को घटाने (प्रभारित करने) के बाद के शुद्ध लाभ पर 10% की दर से कमीशन पाने का अधिकारी है। B को दिए जाने वाले कमीशन की राशि की गणना कीजिए।

**Q.14.** Explain the difference between sacrificing ratio and gaining ratio. 2

त्याग अनुपात और लाभ प्राप्ति अनुपात के बीच अंतर स्पष्ट कीजिए।

**Q.15.** Distinguish private company from public ltd. Company. 2

निजी कंपनी और सार्वजनिक लिमिटेड कंपनी के बीच अंतर स्पष्ट कीजिए।

**Q.16.** A shareholder having 500 shares of Rs. 10 each, did not pay the allotment money of Rs. 4 per share(including premium Rs.2) and final call of Rs. 3 per share. These shares are forfeited after final call. Pass the necessary journal entries. 2

एक अंशधारी जिसके पास 10 रुपये प्रति अंश वाले 500 अंश हैं, उसने 4 रुपये प्रति अंश (2 रुपये प्रीमियम सहित) की आबंटन राशि और 3 रुपये प्रति अंश की अंतिम माँग का भुगतान नहीं किया। अंतिम माँग के बाद इन अंशोंका हरण (जब्त) कर लिया गया। आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए।

**Q.17.** Pass necessary journal entries, the debentures are issued as collateral securities with imaginary figurers. 2

काल्पनिक आँकड़ों के साथ सहायक प्रतिभूतियों के रूप में ऋणपत्रों के निर्गमन की आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए।

**Q.18.** A ltd. Company purchased a machine of Rs. 2,20,000. The purchase consideration is paid by issuing 10% debentures of Rs.100 each. If debentures are issued at par and at premium of 10%. Give necessary journal entries. 2

एक लिमिटेड कंपनी ने 2,20,000 रुपये की एक मशीन खरीदी। क्रय प्रतिफल का भुगतान 100 रुपये वाले 10% ऋणपत्रों के निर्गमन द्वारा किया जाता है। यदि ऋणपत्र सममूल्यपर और 10% प्रीमियम पर निर्गमित किए जाते हैं, तो आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ दीजिए।

**Or**

1000, 9% debentures of Rs. 10 each issued at 5% discount and redeemed at 10% premium. Pass necessary journal entries.

10 रुपये वाले 1000, 9% ऋणपत्र 5% बट्टेपर निर्गमित किए गए और 10% प्रीमियम पर शोधनीयहैं। आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए।

**Q.19.** Explain the two methods of redemption of debentures. 2

ऋणपत्रों के शोधन की दो विधियों की व्याख्या कीजिए।

**Q.20.** What is the meaning of financial statements ? Give two features. 2

वित्तीय विवरणों का क्या अर्थ है? इसकी दो विशेषताएँ बताइए।

**Q.21.** Explain difference between current ratio and liquid ratio. 2

चालू अनुपात और तरल अनुपात के बीच अंतर स्पष्ट कीजिए।

**Q.22.** What is the meaning of cash flow statement ? Explain its features. 2

रोकड़ प्रवाह विवरण का क्या अर्थ है? इसकी विशेषताओं की व्याख्या कीजिए। 2

**Part-C**

**भाग-सी**

**{(Short Answer Questions) (3 Marks Questions)}**

**(लघु उत्तरीय प्रश्न) (3 अंकों वाले प्रश्न)**

**Q.23.** A company Ltd. Redeemed 1000, 10% debentures of Rs. 100 each by converting them into shares of Rs. 8 each at a premium of Rs. 2 per share. The company also redeemed 200, 10 debentures by utilizing Rs. 20,000 out of profit. Pass necessary journal entries.

एक लिमिटेड कंपनी ने 100 रुपये वाले 1000, 10% ऋणपत्रों का शोधन उन्हें 8 रुपये प्रति अंश वाले अंशों में 2 रुपये प्रति अंश के प्रीमियम पर परिवर्तित करके किया। कंपनी ने लाभ में से 20,000 रुपये का उपयोग करके 200, 10% ऋणपत्रों का भी शोधन किया। आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए। 3

**Or**

ABC Ltd. Issued 500, 12% debentures of Rs. 100 each at par value and redeemed by purchasing own debentures in open market for Rs. 95 each. Pass necessary journal entries.

ABC लिमिटेड ने 100 रुपये वाले 500, 12% ऋणपत्रों को सममूल्य पर निर्गमित किया और खुले बाजार में अपने स्वयं के ऋणपत्रों को 95 रुपये प्रति ऋणपत्र की दर से खरीदकर उनका शोधन किया। आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए।

**Q. 24.** Calculate current ratio from the following information :

Revenue from operations = Rs. 3,00,000

Quick Ratio = .85

Current Liabilities = Rs. 50,000

Closing Stock = Rs. 10,000 more than the opening stock.

Stock Turnover Ratio = 5 Times 3

निम्नलिखित जानकारी से चालू अनुपात की गणना कीजिए:

संचालन से आगम = 3,00,000 रु. , त्वरित अनुपात= 0.85, चालू दायित्व = 50,000 रु.

अंतिम स्टॉक = प्रारंभिक स्टॉकसे 10,000 रु. अधिक, स्टॉक आवर्त अनुपात = 5 गुना

**Q.25.** Calculate cash from operating activities :

Gross Profit = Rs. 85,000

Profit on sale of machine = Rs. 5,000

Dividend Received = Rs. 3,000

Commission Received = Rs. 4,000

Salary = Rs. 10,000, Rent Paid = Rs. 5,000, Depreciation = Rs. 20,000, Loss on sale of building = Rs. 5,000

Goodwill written off = Rs. 8,000, Proposed Dividend = Rs. 10,000, Provision for Tax = Rs. 15,000, Net Profit = Rs. 24,000. 3

परिचालन गतिविधियों से रोकड़ की गणना कीजिए:

सकल लाभ = 85,000 रु.

मशीन की बिक्री पर लाभ = 5,000 रु.

प्राप्त लाभांश = 3,000 रु.

प्राप्त कमीशन = 4,000 रु.

वेतन = 10,000 रु.

चुकाया गया किराया = 5,000 रु.

मूल्यह्रास = 20,000 रु.

भवन की बिक्री पर हानि = 5,000 रु.

अपलिखित ख्याति = 8,000 रु.

प्रस्तावित लाभांश = 10,000 रु.

कर के लिए प्रावधान = 15,000 रु.

शुद्ध लाभ = 24,000 रु. 3

**Q.26.** **(Case Study)** 3

Read the following information carefully of M/s ABC Ltd. and give answers of required questions :

| Particulars | 2020 (Amt.in Rs.) | 2018 (Amt.in Rs.) | 2019 (Amt.in Rs.) |
|---|---|---|---|
| Gross Profit | 12% | 20% | 15% |
| Revenue from operations | 24,00,000 | 20,00,000 | 18,00,000 |
| Cash in Hand | 17,00,000 | 15,00,000 | 12,00,000 |
| Trade Receivables | 11,00,000 | 10,00,000 | 8,00,000 |
| Inventory | 12,00,000 | 11,00,000 | 10,00,000 |
| Bills Payable | 18,00,000 | 14,00,000 | 16,00,000 |
| Prepaid Expenses | 3,00,000 | 3,50,000 | 2,50,000 |
| Outstanding Expenses | 50,000 | 25,000 | 40,000 |

**(i)** Current ratio for the year 2020 will be :

**(A)**2:1 **(B)** 1.8:1 **(C)** 2.32 : 1 **(D)** 2.4 : 1

**(ii)** Quick ratio for the year 2018 will be:

**(A)** 1.75 : 1 **(B)** 1.9 : 1 **(C)** 0.94 : 1 **(D)** 1.25 : 1

**(iii).**Cost of revenue for the year 2019 will be :

**(A)** Rs. 14,60,000 **(B)** Rs. 21,12000 **(C)** Rs. 15,30,000 **(D)** Rs. 16,00,000

**Or**

Read the following hypothetical data of XYZ Ltd. and give the answers of following questions :

The profit of XYZ limited in the year 2019-20 after all appropriations was Rs. 31,25,000. This profit was arrived after taking into consideration the following items:

| **Sr.No.** | **Particulars** | **Amt.in Rs.** | **2020(Amt.in Rs.)** | **2019 (Amt.in Rs.)** |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Provision for taxation | 4,37,500 | - | - |
| 2. | Transfer to general reserve | 8,75,000 | - | - |
| 3. | Goodwill written off | 7,80,000 | - | - |
| 4. | Gain on sale of fixed assets | 12,50,000 | - | - |
| 5. | Bills receivable | - | 6,20,000 | 5,90,000 |
| 6. | Bills payable | - | 4,50,000 | 3,50,000 |
| 7. | Stock | - | 10,50,000 | 8,20,000 |
| 8. | Prepaid expenses | - | 7,50,000 | 5,00,000 |

**(i)** Net profit before tax will be:

**(A)** Rs. 22,50,000 **(B)** Rs. 35,62,500 **(C)** Rs. 39,67,500 **(D)** Rs. 44,37,500

**(ii)** Operating profit before change in working capital will be :

**(A)** Rs. 52,17,500 **(B)** Rs. 64,67,500 **(C)** Rs. 39,67,500 **(D)** Rs. 39,69,500

**(iii)** Cash from operating activities before tax will be :

**(A)** Rs. 35,57,500 **(B)** Rs. 40,67,500 **(C)** Rs. 37,87,500 **(D)** Rs. 35,67,300

**केस स्टडी**

मेसर्स ABC लिमिटेड की निम्नलिखित जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़ें और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें: 3

| **विवरण** | **2020 (राशि रु. में)** | **2018 (राशि रु. में)** | **2019 (राशि रु. में)** |
|---|---|---|---|
| सकल लाभ | 12% | 20% | 15% |
| संचालन से आगम | 24,00,000 | 20,00,000 | 18,00,000 |
| हस्तस्थ रोकड़ | 17,00,000 | 15,00,000 | 12,00,000 |
| व्यापारिक प्राप्य | 11,00,000 | 10,00,000 | 8,00,000 |
| इन्वेंटरी / स्टॉक | 12,00,000 | 11,00,000 | 10,00,000 |
| देय विपत्र | 18,00,000 | 14,00,000 | 16,00,000 |
| पूर्वदत्त व्यय | 3,00,000 | 3,50,000 | 2,50,000 |
| अदत्त व्यय | 50,000 | 25,000 | 40,000 |

**(i)** वर्ष 2020 के लिए चालू अनुपातहोगा:

**(A)**2 : 1 **(B)** 1.8 : 1 **(C)** 2.32 : 1 **(D)** 2.4 : 1

**(ii)** वर्ष 2018 के लिए त्वरित अनुपातहोगा:

**(A)**1.75 : 1 **(B)** 1.9 : 1 **(C)** 0.94 : 1 **(D)** 1.25 : 1

**(iii)** वर्ष 2019 के लिए आगम की लागतहोगी:

**(A)** 14,60,000 रु. **(B)** 21,12,000 रु. **(C)** 15,30,000 रु. **(D)** 16,00,000 रु.

**अथवा**

XYZ लिमिटेड के निम्नलिखित काल्पनिक आँकड़ों को पढ़ें और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें: वर्ष 2019-20 में सभी समायोजनों के बाद XYZ लिमिटेड का लाभ 31,25,000 रुपये था। यह लाभ निम्नलिखित मदों को ध्यान में रखने के बाद निकाला गया था:

| क्रम सं. | विवरण | राशि रु. में | 2020 (राशि रु. में) | 2019 (राशि रु. में) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कराधान के लिए प्रावधान | 4,37,500 | - | - |
| 2. | सामान्य संचय में हस्तांतरण | 8,75,000 | - | - |
| 3. | अपलिखित ख्याति | 7,80,000 | - | - |
| 4. | स्थायी संपत्तियों की बिक्री पर लाभ | 12,50,000 | - | - |
| 5. | प्राप्य विपत्र | - | 6,20,000 | 5,90,000 |
| 6. | देय विपत्र | - | 4,50,000 | 3,50,000 |
| 7. | स्टॉक | - | 10,50,000 | 8,20,000 |
| 8. | पूर्वदत्त व्यय | - | 7,50,000 | 5,00,000 |

**(i)** .कर से पूर्व शुद्ध लाभ होगा:

**(A)** 22,50,000रु. **(B)** 35,62,500रु. **(C)** 39,67,500रु. **(D)** 44,37,500रु.

**(ii)** कार्यशील पूँजी में परिवर्तन से पूर्व परिचालन लाभ होगा:

**(A)** 52,17,500रु. **(B)** 64,67,500रु. **(C)** 39,67,500रु. **(D)** 39,69,500रु.

**(iii)** कर से पूर्व परिचालन गतिविधियों से रोकड़ होगा:

**(A)** 35,57,500रु. **(B)** 40,67,500रु. **(C)** 37,87,500रु. **(D)** 35,67,300रु.

## Part-D
## भाग-डी

**(Long Answer Questions) (4 Marks Questions)**

**(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न) (4 अंकों वाले प्रश्न)**

**Q.27.** What is the meaning of revaluation A/c ? Explain journal entries related to revaluation A/c and prepare its performa. 1+2+1=4

पुनर्मूल्यांकन खाते का क्या अर्थ है?

पुनर्मूल्यांकन खाते से संबंधित रोजनामचा प्रविष्टियों की व्याख्या करें और इसका प्रारूप तैयार करें। (1+2+1=4)

**Or**

A and B are two partners in a firm sharing profit or losses in the ratio of 3:2. The balance sheet of the firm as on 31st March 2024 is given below :

Dr Cr

| Liabilities | Amt.in Rs. | Assets | Amt.in Rs. |
|---|---|---|---|
| Capital: A= 15,000 | | Debtors = 22,000 | |
| B= 10,000 | 25,000 | Less: Provision for bad debts : -1000 | 21,000 |
| Creditors | 18,000 | Land & Building | 18,000 |
| General Reserve | 25,000 | Plant & Machinery | 12,000 |
| Employee's Compensation Fund | 15,000 | Stock | 11,000 |
| | | Bank | 21,000 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | |
| **Total** | **83,000** | **Total** | **83,000** |

Additional Information: They admitted C for 1/6th share of profit as new partner with the following terms:

1. Provision for bad debts to be increased by Rs. 1,500.
2. Value of land& building to be appreciated to Rs. 21,000.
3. Value of stock to be increased by Rs. 2,500.
4. Employee's compensation fund is determined as Rs. 12,000.
5. C will bring Rs. 10,000 as capital and Rs. 15,000 as goodwill.

Prepare revaluation A/c, partner's capital A/cs and balance sheet of the firm.

A और B एक फर्म में दो सांझेदार हैं जो 3:2 के अनुपात में लाभ या हानि बांटते हैं। 31 मार्च 2024 को फर्म का स्थिति विवरण नीचे दिया गया है:

Dr Cr

| दायित्व | राशि रु. में | संपत्तियां | राशि रु. में |
|---|---|---|---|
| पूंजी:<br>A= 15,000<br>B= 10,000 | 25,000 | देनदार = 22,000<br>घटाएं: डूबत ऋण प्रावधान = -1000 | 21,000 |
| लेनदार | 18,000 | भूमि और भवन | 18,000 |
| सामान्य संचय | 25,000 | संयंत्र और मशीनरी | 12,000 |
| कर्मचारी क्षतिपूर्ति कोष | 15,000 | स्टॉक | 11,000 |
| | | बैंक | 21,000 |
| **कुल** | **83,000** | **कुल** | **83,000** |

**अतिरिक्त जानकारी :**उन्होंने C को 1/6 भाग के लाभ के लिए नए सांझेदार के रूप में निम्नलिखित शर्तों के साथ प्रवेश दिया:

1. डूबत ऋण प्रावधान को 1,500 रुपये से बढ़ाया जाए।
2. भूमि और भवन के मूल्य में 21,000 रुपये तक की वृद्धि की जाए।
3. स्टॉक के मूल्य में 2,500 रुपये की वृद्धि की जाए।
4. कर्मचारी क्षतिपूर्ति कोष 12,000 रुपये निर्धारित किया गया है।
5. C पूंजी के रूप में 10,000 रुपये और ख्याति के रूप में 15,000 रुपये लाएगा।
6. फर्म का पुनर्मूल्यांकन खाता, सांझेदारों के पूंजी खाते और स्थिति विवरण तैयार करें।

**Q.28.** When a partner is retired from a partnership firm, explain any four major adjustments made in partnership firm. **4**

जब कोई सांझेदार साझेदारी फर्म से सेवानिवृत्त होता है, तो साझेदारी फर्म में किए जाने वाले किन्हीं चार प्रमुख समायोजनों की व्याख्या करें।

**OR**

X,Y and Z are three partners in a firm sharing profit or loss in the ratio of 3:2:1. The balance sheet as on 31st December 2025 is given below:

| Liabilities | | Amt.in Rs. | Assets | Amt.in Rs. |
|---|---|---|---|---|
| Capital | X =40,000 | | Machine | 45,000 |
| | Y= 30,000 | | Patents | 8,000 |
| | Z= 20,000 | 90,000 | Stock | 15,000 |
| Creditors | | 20,000 | Debtors | 20,000 |
| General Reserve | | 9,000 | Goodwill | 20,000 |
| | | | Cash | 11,000 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **Total** | **1,19,000** | **Total** | **1,19,000** |

**Adjustments :**Y retires on that date with the following terms :

1. Goodwill of the firm be revalued Rs. 35,000.
2. Machine be depreciated by 20%.
3. Patents be written-up by 15%.
4. Provision for bad-debts of 5% be created on debtors and 2% on creditors.
5. Y to be paid Rs. 5,000 immediately and balance is converted into his loan A/c.

Prepare revaluation A/c and partner's Capital A/cs after retirement of Y.

X, Y और Z एक फर्म में तीन सांझेदार हैं जो 3:2:1 के अनुपात में लाभ या हानि बांटते हैं। 31 दिसंबर 2025 को स्थिति विवरण नीचे दिया गया है:

| दायित्व | राशि रु. में | संपत्तियां | राशि रु. में |
|---|---|---|---|
| पूंजी : X= 40,000 | | मशीन | 45,000 |
| Y= 30,000 | | पेटेंट | 8,000 |
| Z= 20,000 | 90,000 | स्टॉक | 15,000 |
| लेनदार | 20,000 | देनदार | 20,000 |
| सामान्य संचय | 9,000 | ख्याति | 20,000 |
| | | रोकड़ | 11,000 |
| **कुल** | **1,19,000** | **कुल** | **1,19,000** |

समायोजन: Y उस तिथि को निम्नलिखित शर्तों के साथ सेवानिवृत्त होता है:

1. फर्म की ख्याति का पुनर्मूल्यांकन 35,000 रुपये किया जाए।
2. मशीन पर 20% का मूल्य ह्रास लगाया जाए।
3. पेटेंट के मूल्य में 15% की वृद्धि की जाए।
4. देनदारों पर 5% और लेनदारों पर 2% का डूबत ऋण प्रावधान बनाया जाए।
5. Y को तुरंत 5,000 रुपये का भुगतान किया जाए और शेष राशि को उसके ऋण खाते में स्थानांतरित कर दिया जाए।

Y की सेवानिवृत्ति के बाद पुनर्मूल्यांकन खाता और सांझेदार के पूंजी खाते तैयार करें।

**Q.29.** Ram and Shyam were two partners in a firm sharing profit or loss in the ratio of 4:1. The balance sheet as on 31st December 2022 as follows : (2+2)=4

| Liabilities | Amt.in Rs. | Assets | Amt.in Rs. |
|---|---|---|---|
| Capital Ram= 2,00,000 | | Bank | 55,000 |
| Shyam= 1,00,000 | 3,00,000 | Debtors | 60,000 |
| Creditors | 45,000 | Stock | 85,000 |
| Workmen's Compensation Fund | 40,000 | Furniture | 1,00,000 |
| Shyam's Current A/c | 65,000 | Plant | 1,30,000 |
| | | Ram's Current A/c | 20,000 |
| **Total** | **4,50,000** | **Total** | **4,50,000** |

Additional information :On the above date the firm was dissolved with following terms :

1. Ram took over 40% of the stock ay 10% less than its book value and remaining stock was sold for Rs. 40,000.
2. Furniture was sold for Rs. 80,000 and an unrecorded investment sold for Rs. 20,000.
3. Plant was sold at a loss of Rs.60,000 and Debtors realized for Rs. 55,000.
4. Realization expenses are Rs. 19,000.

Prepare realization A/c and cash A/c of the firm.

राम और श्याम एक फर्म में दो सांझेदार थे जो 4:1 के अनुपात में लाभ या हानि बांटते थे। 31 दिसंबर 2022 को स्थिति विवरण इस प्रकार है: (2+2=4)

| दायित्व | राशि रु. में | संपत्तियां | राशि रु. में |
|---|---|---|---|
| पूंजी: | | बैंक | 55,000 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| राम = 2,00,000<br>श्याम= 1,00,000 | 3,00,000 | देनदार | 60,000 |
| | | स्टॉक | 85,000 |
| | | फर्नीचर | 1,00,000 |
| लेनदार | 45,000 | संयंत्र | 1,30,000 |
| कर्मचारी क्षतिपूर्ति कोष | 40,000 | राम का चालू खाता | 20,000 |
| श्याम का चालू खाता | 65,000 | | |
| **कुल** | **4,50,000** | **कुल** | **4,50,000** |

अतिरिक्त जानकारी: उपरोक्त तिथि पर निम्नलिखित शर्तों के साथ फर्म का विघटन किया गया:

1. राम ने 40% स्टॉक को उसके पुस्तक मूल्य से 10% कम पर ले लिया और शेष स्टॉक 40,000 रुपये में बेच दिया गया।
2. फर्नीचर 80,000 रुपये में बेचा गया और एक अलिखित निवेश 20,000 रुपये में बेचा गया।
3. संयंत्र 60,000 रुपये की हानि पर बेचा गया और देनदारों से 55,000 रुपये वसूल हुए।

वसूली व्यय 19,000 रुपये हैं।फर्म का वसूली खाता और रोकड़ खाता तैयार करें।

**Or**

Ravi and Raman are two partners in a firm sharing profit or losses in the ratio of 3:2. Their balance sheet as on 31st March 2024 is as follows:

Balance Sheet of M/s Ravi & Raman as on 31st March 2024

| Liabilities | Amt.in Rs. | Assets | Amt.in Rs. |
|---|---|---|---|
| Capital Ravi = 2,00,000 | | Bank | 40,000 |
| Raman = 1,00,000 | 3,00,000 | Debtors | 76,000 |
| Ravi's Loan A/c | 1,00,000 | Stock | 2,00,000 |
| Creditors | 36,000 | Furniture | 20,000 |
| | | Land & Building | 1,00,000 |
| **Total** | **4,36,000** | **Total** | **4,36,000** |

On the above date firm was dissolved. Assets are realized and liabilities are paid as follows :

1. Raman agreed to pay Ravi's loan.
2. Land & building realized Rs. 1,50,000 and debtors less Rs. 2,000.
3. Half the creditors agreed to accept furniture of the firm in full settlement of their claim and remaining half agreed to accept 10 % less.
4. 50% Stock was taken over by Ravi on cash payment of Rs. 90,000 and remaining stock was sold for Rs. 94,000.
5. Realization expenses of Rs. 10,000 are paid by Raman on the behalf of firm.

Prepare realization A/c and partner's capital A/cs.

रवि और रमन एक फर्म में दो सांझेदार हैं जो 3:2 के अनुपात में लाभ या हानि बांटते हैं। 31 मार्च 2024 को उनका स्थिति विवरण इस प्रकार है:

| दायित्व | राशिरु. में | संपत्तियां | राशिरु. में |
|---|---|---|---|
| **पूंजी**: | | बैंक | 40,000 |
| रवि=2,00,000 | | देनदार | 76,000 |
| रमन=1,00,000 | 3,00,000 | स्टॉक | 2,00,000 |
| रवि का ऋण खाता | 1,00,000 | फर्नीचर | 20,000 |
| लेनदार | 36,000 | भूमि और भवन | 1,00,000 |
| **कुल** | **4,36,000** | **कुल** | **4,36,000** |

उपरोक्त तिथि पर फर्म का विघटन किया गया। संपत्तियों से वसूली की गई और दायित्वों का भुगतान इस प्रकार किया गया:

1. रमन ने रवि के ऋण का भुगतान करने की सहमति दी।
2. भूमि और भवन से 1,50,000 रुपये वसूल हुए और देनदारों से 2,000 रुपये कम वसूल हुए।
3. आधे लेनदार अपने दावों के पूर्ण निपटान में फर्म के फर्नीचर को स्वीकार करने के लिए सहमत हुए और शेष आधे 10% कम राशि स्वीकार करने के लिए सहमत हुए।
4. 50% स्टॉक रवि द्वारा 90,000 रुपये के नकद भुगतान पर ले लिया गया और शेष स्टॉक 94,000 रुपये में बेच दिया गया।
5. फर्म की ओर से रमन द्वारा 10,000 रुपये के वसूली व्यय का भुगतान किया गया।

**वसूली खाता और** सांझेदारों **के पूंजी खाते तैयार करें।**

**Q.30.** A company issued 10,000 shares of Rs.100 each at a premium of Rs. 10 per share payable as follows: Rs. 50 on application, Rs. 35 on allotment (Including premium) and Rs. 25 on first call. Applicants for 2,500 shares not received any allotment and their application money returned. Remaining applicants issued shares at pro-rata basis.An applicant who have allotted 200 shares failed to pay the allotment and call money. His shares were forfeited. Pass necessary journal entries, prepare bank A/c and balance sheet. **4**

एक कंपनी ने 100 रुपये वाले 10,000 अंशों को 10 रुपये प्रति अंश के प्रीमियम पर निर्गमित किया, जो इस प्रकार देय थे:

आवेदन पर 50 रुपये, आबंटन पर 35 रुपये (प्रीमियम सहित) और प्रथम माँग पर 25 रुपये। 2,500 अंशों के आवेदकों को कोई अंश आबंटित नहीं किया गया और उनकी आवेदन राशि वापस कर दी गई। शेष आवेदकों को आनुपातिक आधार पर अंश निर्गमित किए गए। एक आवेदक जिसे 200 अंश आबंटित किए गए थे, आबंटन और माँग राशि का भुगतान करने में विफल रहा। उसके अंशों का हरण (जब्त) कर लिया गया। आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए, बैंक खाता और स्थिति विवरण तैयार कीजिए।

**Or**

A company issued 2,000 shares to the public of Rs. 10 each at a premium of Rs. 2 per share, payable as Rs. 3 on application, Rs. 5 on allotment(Including premium), Rs. 2 on first call and Rs. 2 on second call. All money were received except a shareholder who have allotted 100 shares failed to pay the first call money and his shares were forfeited. Further these shares were re-issued @ Rs. 6 per share, Rs. 8 called-up. Final call was not made. Pass necessary journal entries, prepare bank A/c and balance sheet.

एक कंपनी ने जनता को 10 रुपये वाले 2,000 अंश 2 रुपये प्रति अंश के प्रीमियम पर निर्गमित किए, जो इस प्रकार देय थे:

आवेदन पर 3 रुपये, आबंटन पर 5 रुपये (प्रीमियम सहित), प्रथम माँग पर 2 रुपये और द्वितीय माँग पर 2 रुपये। सभी राशियाँ प्राप्त हो गईं, सिवाय एक अंशधारी के जिसे 100 अंश आबंटित किए गए थे, वह प्रथम माँग राशि का भुगतान करने में विफल रहा और उसके अंशों का हरण (जब्त) कर लिया गया। आगे इन अंशों को 6 रुपये प्रति अंश की दर से पुनर्निर्गमित किया गया, जिन पर 8 रुपये माँगे गए थे। अंतिम माँग नहीं की गई थी। आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए, बैंक खाता और स्थिति विवरण तैयार कीजिए।

**Syllabus & Designing of Question Paper Regarding Accountancy Class :10+2 Session: 2026-27**

**Himachal Pradesh Board of School Education DharamshalaDistt. Kangra 176215**

**Partnership, Company Accounting and Analysis of Financial Statements MM-60**

**Name of the Units and Unit wise Distribution of Marks**

**Part-A MM: 21 (Accounting for Partnership Firms)**

## Course Contents

| Units/Column | Name of the Units | Marks Assigned |
|---|---|---|
| 1 | Accounting for Partnership: Basic Concepts | 3 |
| 2 | Reconstitution of partnership firm: Change in profit sharing ratio and Admission of partner | 8 |
| 3 | Reconstitution of partnership firm: Retirement/Death of partner | 5 |
| 4 | Dissolution of partnership firm | 5 |
| | Total of Part-A | 21 |
| **Part-B- Company Accounting and Analysis of Financial Statements MM= 39** | | |
| 5 | Accounting for Share Capital | 10 |
| 6 | Issue & Redemption of Debentures | 11 |
| 7 | Financial Statements of Company | 3 |
| 8 | Accounting Ratios | 6 |
| 9 | Cash flow Statement | 6 |
| 10 | Case Study Question | 3 |
| 11 | Total of Part-B | 39 |
| 12 | Total (C)= Part-A + Part-B | 60 |
| 13 | Project Work= Unit-7, 8, 9 of Part-B | 20 |
| 14 | Total (A+B+C) | 80 |
| 15 | Internal Assessment | 20 |
| 16 | Grand Total | 100 |

**Syllabus for Assertion/Reasoning, Matching and Case Study questions**

| | | |
|---|---|---|
| 17 | Assertion/Reasoning Question (One Mark) | Accounting for Partnership Firms (All Units) |
| 18 | Matching Question (One Mark) | Accounting for Share Capital & Debentures (All Units) |
| 19 | Case Study Question (Three Marks) | Analysis of Financial Statements (All Units) |

**Designing of ModelQuestion Paper (Blue Print) Session-2026-27**

**10+2 Accountancy (Partnership and Company Accounting) MM =60**

**Lesson wise distribution of marks**

**Part-A (Accounting for Partnership Firms) MM =21**

**MCQ= 5(Part-A) + 7(Part-B) = 12**

| Unit | Lesson | Name of the lesson | (MCQ) 1 Mark Question | 2 Marks Question | 3 Marks Question | 4 Marks Question | Marks Assigned |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| I | i | Accounting for partnership firm: Basic Concepts | 1 | 1 N OR N | - | - | 3 |
| II | ii | Reconstitution of partnership firm: Change in profit sharing ratio | 1 | 1 N/T | - | - | 3 |
| - | iii | Reconstitution of partnership firm: Admission of partner | 1 | - | - | 1 N OR T | 5 |
| III | iv | Reconstitution of partnership firm: Retirement/Death of partner | 1 | - | - | 1 N OR T | 5 |
| IV | v | Dissolution of partnership firm | 1 | - | - | 1 N OR N | 5 |
| | | Total of Part-A | 5X1 =5 | 2X2=4 | - | 3X4=12 | 21 |
| Part-B MM- 39 (Corporate Accounting and Analysis of Financial Statements) | | | | | | | |
| V | Vi | Accounting for share capital (MCQ-2) | 2 | 2 (One T & One N) | - | 1 N OR N | 10 |
| VI | vii | Accounting for Debentures (MCQ-1) (Issue of debentures) | 1 | 2 (One T & One N OR N) | - | - | 5 |
| - | viii | Accounting for Debentures (MCQ-1) (Redemption of debentures) | 1 | 1 T | 1 N OR N | - | 6 |
| VII | ix | Financial statements of a company (MCQ-1) | 1 | 1 T/N | - | - | 3 |
| VIII | X | Accounting Ratios (MCQ-1) | 1 | 1 T | 1 N | - | 6 |
| IX | xi | Cash flow statement (MCQ-1) | 1 | 1 T | 1 N OR N | - | 6 |
| - | - | Case Study Question | | | 1 N OR N | | 3 |
| | | Total of Part-B | 7X1 =7 | 8X2=16 | 4X3=12 | 1X4=4 | 39 |
| Theory | | Grand Total of Part-A and Part-B | 12 | 10X2=20 | 4X3=12 | 4X4=16 | 60 |
| XI | - | Project Work: Unit VII,VIII & IX of Part-B (Analysis of Financial Statements) | | | | | 20 |
| XII | - | Internal Assessment | | | | | 20 |
| - | - | Grand Total (Part-A + Part-B) | 12 | 20 | 12 | 16 | 100 |

**Note:**

1. N stands for Numerical and T for Theory.
2. N/T means that question of numerical or theory may be set in the question paper.
3. N OR T stands for choice in the question, ie student have to attempt only one question out of two.

## Designing of Model Question Paper (Accountancy 10+2) Session-2026-27 MM=60

## Part-A (1 Mark) MCQ

### (Multiple Choice Questions) =12 (Part-A=5 + Part-B=7)

| Units | Sub-units | Name of the Units | No. of Questions | Maximum Marks | Total Marks |
|---|---|---|---|---|---|
| I | - | Accounting for Partnership Firms | 1 | 1 | 1 |
| II | i | Reconstitution of Partnership Firms (Change in Profit Sharing Ratio) | 1 | 1 | 1 |
| II | ii | Reconstitution of Partnership Firms (Admission of Partner) | 1 | 1 | 1 |
| III | - | Reconstitution of Partnership Firms (Retirement/Death of Partner) | 1 | 1 | 1 |
| IV | - | Dissolution of Partnership Firms | 1 | 1 | 1 |
| V | - | Accounting for Share Capital | 2 | 1 | 2 |
| VI | i | Accounting for Debentures (Issue of Debentures) | 1 | 1 | 1 |
| VI | ii | Accounting for Debentures (Redemption of Debentures) | 1 | 1 | 1 |
| VII | - | Financial Statements of Company | 1 | 1 | 1 |
| VIII | - | Accounting Ratios | 1 | 1 | 1 |
| IX | - | Cash flow Statement | 1 | 1 | 1 |
| Total | | 12X1= 12 | 12 | 1 | 12 |

### Part-B (2 Marks Questions)

| Units | Sub-units | Name of the Units | No. of Questions | Maximum Marks | Total Marks |
|---|---|---|---|---|---|
| I | - | Accounting for Partnership Firms | 1 | 2 | 2 |
| II | i | Reconstitution of Partnership Firms (Change in Profit Sharing Ratio) | 1 | 2 | 2 |
| II | ii | Reconstitution of Partnership Firms (Admission of Partner) | - | - | - |
| III | - | Reconstitution of Partnership Firms (Retirement/Death of Partner) | - | - | - |
| IV | - | Dissolution of Partnership Firms | - | - | - |
| V | - | Accounting for Share Capital | 2 | 2 | 4 |
| VI | i | Accounting for Debentures (Issue of Debentures) | 2 | 2 | 4 |
| VI | ii | Accounting for Debentures (Redemption of Debentures) | 1 | 2 | 2 |
| VII | - | Financial Statements of Company | 1 | 2 | 2 |
| VIII | - | Accounting Ratios | 1 | 2 | 2 |
| IX | - | Cash flow Statement | 1 | 2 | 2 |
| Total of Part-B | | | 10 | 10X2=20 | 20 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **Part-C (3-Marks Questions)** | | | | | |
| I | - | Accounting for Partnership Firms | - | - | - |
| II | i | Reconstitution of Partnership Firms (Change in Profit Sharing Ratio) | - | - | - |
| II | ii | Reconstitution of Partnership Firms (Admission of Partner) | - | - | - |
| III | - | Reconstitution of Partnership Firms (Retirement/Death of Partner) | - | - | - |
| IV | - | Dissolution of Partnership Firms | - | - | - |
| V | - | Accounting for Share Capital | - | - | - |
| VI | i | Accounting for Debentures (Issue of Debentures) | - | - | - |
| VI | ii | Accounting for Debentures (Redemption of Debentures) | 1 | 3 | 3 |
| VII | - | Financial Statements of Company | - | - | - |
| VIII | - | Accounting Ratios | 1 | 3 | 3 |
| IX | | Cash flow Statement | 1 | 3 | 3 |
| | | Case Study Question | 1 | 3 | 3 |
| **Total of Part-C** | | | **4** | **4X3=12** | **12** |
| **Part-D (4 Marks Questions)** | | | | | |
| I | - | Accounting for Partnership Firms | - | - | - |
| II | i | Reconstitution of Partnership Firms (Change in Profit Sharing Ratio) | - | - | - |
| II | ii | Reconstitution of Partnership Firms (Admission of Partner) | 1 | 4 | 4 |
| III | - | Reconstitution of Partnership Firms (Retirement/Death of Partner) | 1 | 4 | 4 |
| IV | - | Dissolution of Partnership Firms | 1 | 4 | 4 |
| V | - | Accounting for Share Capital | 1 | 4 | 4 |
| VI | i | Accounting for Debentures (Issue of Debentures) | - | - | - |
| VI | ii | Accounting for Debentures (Redemption of Debentures) | - | - | - |
| VII | - | Financial Statements of Company | - | - | - |
| VIII | - | Accounting Ratios | - | - | - |
| IX | | Cash flow Statement | - | - | - |
| **Total of Part-D** | | | **4** | **4X4=16** | **16** |
| **Grand Total of Part-A, Part-B, Part-C & Part-D (12 + 20 + 12 + 16) = 60** | | | | | **60** |

## Distribution of questions according to Knowledge Based, Understanding Based, Application Based and Skill Based

| Category of Questions | Number in Model Question Paper | Total Questions | Percentage (%) |
|---|---|---|---|
| **Knowledge Based Questions** | | | |
| Multiple Choice Questions | 9,10,12 | 3 | - |
| 2 Marks Questions | 19,20 | 2 | - |
| 3 Marks Questions | 24 | 1 | - |
| 4 Marks Questions | Nil | Nil | - |
| Total | | 6 | 20 % |
| **Understanding Based Questions** | | | |
| Multiple Choice Questions | 5,6,8,11 | 4 | - |
| 2 Marks Questions | 14, 19, 21 | 3 | - |
| 3 Marks Questions | 24 | 1 | - |
| 4 Marks Questions | 28 | 1 | - |
| Total | | 9 | 30 % |
| **Application Based Questions** | | | |
| Multiple Choice Questions | 3,4,7 | 3 | - |
| 2 Marks Questions | 13,16,22 | 3 | - |
| 3 Marks Questions | 25 | 1 | - |
| 4 Marks Questions | 27, 29 | 2 | - |
| Total | | 09 | 30 % |
| **Skill Based Questions** | | | |
| Multiple Choice Questions | 1, 2 | 2 | - |
| 2 Marks Questions | 17,18 | 2 | - |
| 3 Marks Questions | 26 | 1 | - |
| 4 Marks Questions | 30 | 1 | - |
| Total | | 6 | 20 % |
| Grand Total | | (6 + 9 + 9 + 6) = 30 | 100 % |

## Distribution of Questions According to Difficulty Level

| Category of Questions | Tough/Difficult | Moderate | Easy | Total |
|---|---|---|---|---|
| Total Questions = 30 | 25% | 40% | 35% | 100% |